बोली-पूर्व बैठक का कार्यवृत्त – ई-निविदा - करेंसी नोट बॉक्स/सिक्कों की थैलियों की आवाजाही के लिए परिवहन की आपूर्ति, नई दिल्ली

ई-निविदा सं. - RBI/Delhi Regional Office/Issue/3/24-25/ET/927[TRANSPORT OF NOTES COIN-DELHI]

हमारे दिनांक 13 फरवरी 2025 की ई-निविदा संख्या RBI/Delhi Regional Office/Issue/3/24-25/ET/927[TRANSPORT OF NOTES COIN-DELHI] के अनुरूप, संभावित बोलीदाताओं के प्रश्नों, यदि कोई हो, का उत्तर देने के लिए 07 मार्च 2025 को 11:30 बजे सम्मेलन कक्ष, निर्गम विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, 6 संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110001 में बोली-पूर्व बैठक का आयोजन किया गया था।

2. बोली-पूर्व बैठक के दौरान उपस्थित भारतीय रिज़र्व बैंक, नई दिल्ली के स्टाफ सदस्यों और संभावित फर्मों/ निविदाकारों के प्रतिनिधियों के नाम नीचे दिए गए हैं:

क्र सं	आरबीआई अधिकारियों के नाम	कार्यालय/विभाग
1.	श्री विवेक सिंह, महाप्रबंधक	निर्गम विभाग, नई दिल्ली
2.	श्री परिमल किशोर चौधरी, समप्र	निर्गम विभाग, नई दिल्ली
3.	श्री शशांक शेखर, प्रबंधक	निर्गम विभाग, नई दिल्ली
4.	सुश्री निकिता, प्रबंधक	निर्गम विभाग, नई दिल्ली
5.	श्री सुमीत परगोत्रा, सहायक प्रबंधक	निर्गम विभाग, नई दिल्ली
6.	श्री सुमित सोलंकी, वरिष्ठ सहायक	निर्गम विभाग, नई दिल्ली

क्र सं	प्रतिनिधियों/ संभावित बोलीदाताओं का नाम	फर्म का नाम
1.	श्री आसिफ हुसैन	मेसर्स ओम सवारी
2.	श्री विशाल	मेसर्स पार्थ एंड कंपनी

बैठक में निविदाकारों द्वारा उपर्युक्त संदर्भित निविदा के संबंध में पूछे गए प्रश्न एवं बैंक द्वारा दिये गए उत्तर अधोप्रस्तुत हैं:

क्र सं	पूछे गए प्रश्न	आरबीआई की टिप्पणी
1.	कंटेनर का न्यूनतम आकार क्या है?	कंटेनर का आकार ऐसा होना चाहिए कि वह निविदा दस्तावेज़ के खंड III – कार्य का दायरा के पैरा 3.4 और खंड II के पैरा 2.2.V – निविदाकार/निविदाकारों के लिए

		सामान्य अनुदेश एवं संविदा की विशेष शर्तों में दिए गए दिशानिर्देशों को पूरा करे।
2.	करेंसी चेस्ट का स्थान क्या है?	भारतीय रिज़र्व बैंक, नई दिल्ली के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत करेंसी चेस्ट नई दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित हैं।
3.	क्या सिक्कों और बक्सों का विप्रेषण एक ही ट्रक का उपयोग करके किया जाता है?	सिक्कों और नोटों के बक्सों के परिवहन के लिए एक ही ट्रक का उपयोग नहीं किया जाता है। आमतौर पर सिक्कों और नोटों के बक्सों के लिए अलग-अलग ट्रकों का उपयोग किया जाता है।
4.	क्या दरें जीएसटी सहित/छोड़कर हैं? जीएसटी की दर क्या है?	निविदाकार द्वारा उद्धृत दरों में सभी कर/जीएसटी शामिल होंगे। जीएसटी की दर केंद्र/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी।
5.	समग्र फॉर्मूला (Grand Total Formula) की गणना कैसे की जाती है?	$\text{Grand Total} = \sum_{i=1}^{4}(A_i * B_i)$ जहां: A = मात्रा (लगभग)/ वर्ष B = दर रूपए में (भारतीय रूपए मात्र) i = क्रम संख्या

नोट:

- बोली-पूर्व बैठक के उपर्युक्त विवरण निविदा दस्तावेज का हिस्सा होंगे।
- कार्यवृत्त एमएसटीसी पोर्टल पर भी अपलोड किया जाएगा।
- निविदा दस्तावेज़ के नियम व शर्तें तथा विनिर्देशन पूर्ववत बने रहेंगे।
- उपर्युक्त स्पष्टीकरण सभी इच्छुक बोलीदाताओं की जानकारी के लिए जारी किया जा रहा है।
- फर्म द्वारा प्रस्तुत की गई बोली को निविदा दस्तावेज़ और ऊपर दिये गए स्पष्टीकरण के अनुरूप माना जाएगा।

मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी)

भारतीय रिज़र्व बैंक, नई दिल्ली